# Skill Development Programme For Answer Writing

# आन्तरिक सुरक्षा (मॉडल उत्तर)

*दिनांक- 06 फरवरी, 2018 समय : 06:30 pm*

***मुख्य परीक्षा***

प्रश्न- भारत-नेपाल सीमा से संबंधित 'नो मेंस लैंड' समस्या क्या है तथा यह किस प्रकार भारत की आन्तरिक सुरक्षा को प्रभावित करता है? टिप्पणी करें। (150 शब्द)

What is the problem of 'No Man's Land' related with Indo-Nepal border and how it affect the internal security of India? Comment. (150 Words)

**मॉडल उत्तर**

- **भूमिका में नो मेन्स लैण्ड स्पष्ट करें।**
- **नो मेन्स लैण्ड से प्रभावित आन्तरिक स्पष्ट करें।**
- **अंत में संक्षिप्त निष्कर्ष दें।**

उत्तर- भूमिका में निम्न बातों को शामिल किया जा सकता है-

- नो मेन्स लैण्ड भारत और नेपाल के मध्य अवस्थित वह अंत क्षेत्र है, जहाँ सामान्यतः सीमा विवाद बना रहता है।
- नो मेन्स लैण्ड विवाद का प्रमुख कारण नेपाल की तरफ से आने वाली नदियों के लगातार मार्ग बदलने के कारण उत्पन्न होता है।
- इस क्षेत्र में बाढ़ के कारण सीमा स्तम्भों के डूबने, हटने या नष्ट होने के कारण दोनों देशों के मध्य यह समस्या बनी हुयी है।

**आन्तरिक सुरक्षा का प्रभाव**

- नो मेन्स लैण्ड के कारण सम्बन्धित क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण, ज्यादती जैसी समस्याएं देखने को मिलती है।
- खुली सीमा आतंकियों तथा विद्रोहियों के निकास का माध्यम बनता है।
- भारत के अपराधियों को सुरक्षित पनाहगार उपलब्ध हो जाता है।
- इस सीमा के माध्यम से पाकिस्तान के दहशतगर्दो को भारत में घुसने का सुरक्षित मार्ग मिल जाता है।
- हथियारों, मानवों तथा मादक पदार्थों की तस्करी सम्भव होता है, जिससे भारत की आन्तरिक सुरक्षा प्रभावित होती है।
- जाली मुद्रा की तस्करी द्वारा भारत में मौजूद दहशत गर्दो को फंडिंग किया जाता है इत्यादि।
- शरणार्थी जैसी समस्या के कारण आन्तरिक अशान्ति को बढ़ावा इत्यादि।